कार्यालय आयुक्त,
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास छत्तीसगढ़
ब्लाक–4 डी, भूतल–इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ०ग०)

क्रमांक/EMRS/456-Part/2024–25/11001 **नवा रायपुर, दिनांक 02/01/2025**

प्रति,

सहायक आयुक्त/सदस्य सचिव,
जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण
एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति,
जिला–......................... (छ.ग.)

विषय :– शिक्षण सत्र 2025–26 में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों के कक्षा 6वीं प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन की तिथि में वृद्धि के संबंध में।

संदर्भ :– कार्या०पत्र क्र/EMRS/456-Part/2024–25/9915 दिनांक 10.12.2024

——000——

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करे। जिसके द्वारा शिक्षण सत्र 2025–26 में छत्तीसगढ़ राज्य अंतर्गत संचालित 75 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा–6वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश नियमावली एवं प्रवेश सूचना जारी करते हुए ऑनलाईन पोर्टल http://eklavya.cg.nic.in के माध्यम से आवेदन पत्र दिनांक 31.12.2024 तक आमंत्रित किए गये हैं। उपरोक्त तिथि तक नेयद नेल्लानार क्षेत्र में पर्याप्त प्रचार प्रसार नहीं होने तथा विशेष पिछड़ी जनजाति के विद्यार्थियों का पर्याप्त संख्या में आवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण निम्नानुसार आवेदन करने की अंतिम तिथि में वृद्धि करते हुए संशोधन किया जाता है :–

क्र.	विवरण	पूर्व की तिथि	संशोधित तिथि
1	ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि	दिनांक 31 दिसम्बर 2024 तक	दिनांक 15 जनवरी 2025 तक
2	ऑनलाईन भरे गये फॉर्म में त्रुटि सुधार की तिथि	दिनांक 01 से 08 जनवरी 2025 (रात्रि 11:59 बजे तक)	दिनांक 16 से 23 जनवरी 2025 (रात्रि 11:59 बजे तक)
3	प्रवेश परीक्षा की तिथि	दिनांक 16.02.2025 प्रातः 10.00 से 12.00 बजे (02 घंटे) दिन - रविवार	पूर्ववत दिनांक 16.02.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 12.00 बजे तक (02घंटे) दिन - रविवार

अतः वर्तमान शिक्षण सत्र में कक्षा 5वीं अध्ययनरत जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु विशेष रूप **नेयद नेल्लानार क्षेत्र में तथा विशेष पिछड़ी जनजाति के विद्यार्थियों के मध्य** प्रचार–प्रसार कर आवेदन करने हेतु प्रेरित करें।

(नरेन्द्र कुमार दुग्गा)
आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
छत्तीसगढ़, नवा रायपुर, अटल नगर

पृ.क्रमांक/EMRS/456-Part/2024–25/11002 **नवा रायपुर, दिनांक 02/01/2025**

प्रतिलिपि :–

1. **स्टॉफ ऑफिसर, प्रमुख सचिव,** छ.ग. शासन, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, महानदी भवन, मंत्रालय अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. **कलेक्टर/अध्यक्ष,** जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति जिला–....... ....(छ.ग.) की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. **वरिष्ठ तकनीकी निदेशक (आई.टी.)छ.ग.राज्य ईकाई एन.आई.सी.मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही**
4. **प्राचार्य,** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, ... जिला – .... (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ प्रेषित्।

आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
छत्तीसगढ़, नवा रायपुर, अटल नगर